# भारी बरसात में भी हौंसला बुलंद है बाबा रामदेव के भक्तों का

**जोधपुर**, (कासं)। इस बार लोक देवता बाबा रामदेव ने अपने भक्तों की कड़ी परीक्षा ली। मगर इस कठिन परीक्षा में बाबा रामदेव के भक्तों का हौसला बुलंद रहा। बाबा के भक्तों की हिम्मत एवं साहस को देख कर हर कोई हैरान था। भारी बरसात में भी वे आगे से आगे बढ़ते रहे। उनकी भक्ति, श्रृद्धा, साहस तथा हिम्मत देखकर हर जोधपुरवासी नतमस्तक था।

दरअसल एक माह तक चलने वाला बाबा रामदेव जी का मेला इस बार भादौ मास लगते ही शुरू हो गया था। लाखों भक्त देश के विभिन्न हिस्सों से प्रस्थान कर मारवाड़ की तरफ कूच करना शुरू कर दिया था। इनमें सर्वाधिक संख्या पैदल जातरूओ की थी। इसके बाद बाइक सवारों का नंबर था। ट्रकों तथा ट्रेक्टरों में झोंपड़ी नुमा आसियाना बना समुह में आने वाले भक्तों की संख्या तीसरे नंबर पर थी। मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब व उतर प्रदेश से पैदल आने वाले जातरुओ कई कई दिन यात्रा के बाद बाबा के दरबार में पहुंच पाते हैं। हालांकि मार्ग में इन्हें भोजन-पानी तथा रात्रि विश्राम की ज्यादा परेशानी नहीं उठानी पड़ती। क्यों कि सेवाभावी लोग जगह जगह भंडारे लगा कर इनके लिए व्यवस्था पहले ही कर देते थे।

मगर इस बार मेले के साथ साथ बारिश भी शुरू गई थी। इसका असर पैदल यात्रा कर रहे जातरूओ पर सर्वाधिक पड़ा। बारिश की निरंतरता ने जातरुओ की राह में परेशानी बनाए रखी। मगर इस सब के बावजूद किसी भी भक्त के चेहरे पर सिकन तक नहीं आई। उल्टे वे बरसात को बाबा का प्रसाद मानकर भावविभोर हो रहे थे। किसी के भी चेहरे पर थकान नहीं दिखाई दी। झुंझुनूं से अपने दो छोटे बच्चे और पत्नी के साथ बाबा के दर्शनार्थ मसूरिया मन्दिर पहुंचे नन्दलाल मीणा ने बताया कि रास्ते में बरसात का क्रम निरंतर बना रहा। कहीं कहीं तो कमर तह बह रहा था। मगर हम तो ठहरे बाबा के बच्चे, बरसात का ऐसा आनंद जीवन में पहली बार मिला। यह सब बाबा की कृपा का प्रसाद है।



लोक देवता बाबा रामदेव के भक्त जोधपु क्षेत्र में भारी बरसात में भी आगे से आगे बढ़ते रहे।

मध्यप्रदेश से पैदल आए संघ में शामिल वृद्ध हरजी ने बताया कि वो पिछले बीस वर्षों से बाबा के दर्शनार्थ आ रहा है। पहली बार इतनी बरसात देखीं है। बाबा हमारी परीक्षा ले रहा है मगर हम घबराने वाले नहीं हैं। उल्टा हमें आनन्द आ रहा है।

बारिश से बचाव की चिंता को लेकर पूर्व राज्यमंत्री और राजस्थान मेला प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रमेश बोराणा ने जोधपुर के संभागीय आयुक्त से मांग की है कि वे भारी बारिश को देखते हुए मेले से जुड़े संबंधित जोधपुर, फलोदी व जैसलमेर, पाली, जालोर व सिरोही ज़िला प्रशासन को निर्देशित करें कि पैदल यात्रियों के बारिश से बचने हेतु मार्ग में आने वाली स्कूलों व सामुदायिक भवनों में ठहरने तथा पेयजल सहित आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करावें तथा यात्रा मार्ग मार्ग में प्राथमिक चिकित्सा के लिए मोबाइल एंबुलेंस, पुलिस ग़स्त तथा तालाबों, पोखरों के पास गोताखोरों की अविलंब पर्याप्त संख्या में नियुक्ति करें

बोराणा ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के विख्यात और लोक आस्था के प्रमुख बाबा रामदेव मेला जो पोकरण के रामदेवरा व जोधपुर में अपने चरम पर है, जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु टूटे फूटे मार्गों व बरसात की पीड़ा झेलते हुए पैदल चल कर अपनी आस्था को प्रकट कर रहे हैं जोधपुर में मसूरिया मेला स्थल व रामदेवरा में जगह जगह पानी व मलबा से जातरुओं को अनेक दिक़्क़तें का सामना करना पड रहा है। बीमारियों का ख़तरा भी पैदा हो गया है

बोराणा ने कहा कि सुरक्षा व ट्राफ़िक व्यवस्था की आड़ में बाहर से आने वाले ग़रीब यात्रियों को बेवजह परेशान नहीं किया जाये।

## परिवेदनाओं का तत्काल निस्तारण करें : भुवनेश्वर

**बालोतरा**, (निसं)। त्रि-स्तरीय जनसुनवाई की श्रृंखला के क्रम में इस माह सितम्बर के प्रथम गुरूवार को अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा की अध्यक्षता में जनसुनवाई हुई।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अजीत, पंचायत समिति समदडी ने अवगत कराया कि जनसुनवाई में ईकबाल खान पुत्र रतन खान, निवासी अजित द्वारा विवाह प्रमाण पत्र के लिए, पदमाराम पुत्र पुनमाराम द्वारा जमाबंदी, गिरदावरी व नक्शे प्राप्ति के लिए, मंजू, निवासी अजित द्वारा पूत्र के जन्म प्रमाण मे नाम संशोधन के लिए, शान्तिलाल पुत्र पेमाराम द्वारा जॉब कार्ड बनवाने के लिए एवं साथ ही विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्वघुमन्तु परिवारो के रायचन्द्र पुत्र भेराराम, केसाराम पुत्र चुनाराम, आम्बाराम पुत्र पारसनाथ, हडमानाराम पुत्र भैराराम, कमलाराम पुत्र शिवलाल, जगदीश पुत्र पारसराम, मांगीदेवी पत्नि शिवलाल, गणेशाराम पुत्र शिवलाल, पासाराम पुत्र लक्ष्मणराम, दिनेश पुत्र भैराराम द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परिवेदनाए प्रस्तुत की जिनका निस्तारण अध्यक्ष महोदय द्वारा मौके जाति प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य समस्याओ का मौके पर निस्तारित करवाते हुए जाति प्रमाण पत्र यथाशीघ्र जारी करने के लिए संबंधित अधिकारी को मौके पर बताया। मांगीलाल नायल विकास अधिकारी, करणाराम पटेल अतिरिक्त विकास अधिकारी, अशोक कुमार संत सहायक विकास अधिकारी, श्रवण सिंह ग्राम विकास अधिकारी, नरेन्द्र सिंह पटवारी, सुरेन्द्र सिंह चारण सरपंच प्रतिनिधि, रतन सिंह उपसरपंच, चौथाराम भील वार्डपंच, देवी सिंह, जौराराम, केसाराम जोगी सामाजिक प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सफेद दाग के उपचार की जोधपुर तकनीक छाई

**जोधपुर**, (का.सं.)। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं चर्म रोग विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. दिलीप कच्छवाह की ओर से विकसित की गई विटीलिगो (सफेद दाग) के उपचार की जोधपुर टैक्नीक देशभर में छा गई है। इस टैक्नीक पर कॉलेज के कई मेडिकोज ने अध्ययन कर अपनी स्टडी को देश के विभिन्न इलाकों में आयोजित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत कर प्रथम अवार्ड जीते हैं।

हाल ही में डॉ. राहुल सिंगरोदिया की ओर से किए गए अध्ययन ए प्रोस्पेक्टिव स्टडी ऑफ इम्यूनोहिस्टो केमिकल मार्कर्स, एक्सप्रेसड बाई द किरेटिनोसाइट्स इन्फेक्टेड विद मॉलसकम कन्टेजियोसम वायरस बिफोर एंड आफ्टर ट्रीटमेंट बाई ऑटोइनोक्यूलेशन एण्ड देयर रोल इन रिग्रेशन ऑफ डोरमेंट लीजन को राष्ट्रीय स्तरीय कॉन्फ्रेंस एसिकॉन-2024 में प्रथम पुरस्कार मिला। कॉन्फ्रेंस में इसे डॉ चिन्मय यादव की ओर से प्रस्तुत किया गया।



डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं चर्म रोग विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. दिलीप कच्छवाह की ओर से विकसित विटीलिगो (सफेद दाग) के उपचार की जोधपुर तकनीक ने पुरस्कार जीते।

### चार साल में तीन फर्स्ट अवार्ड

विभाग में अध्ययनरत चिकित्सकों की ओर से की गई स्टडी को पिछले चार साल में तीन बार राष्ट्रीय स्तर की सेमिनार में फर्स्टअवार्ड मिला है। वर्ष 2021 में डॉ. हेमा मालिनी की स्टडी क्लिनिकल स्टडी टू एसेस द एफिकेसी ऑफ ऑटोलॉगस नॉन कल्चर्ड नॉन ट्रिप्सिनाइज्ड मिलेनोसाइट्स एंड किरटीनोसाइट्स ग्राफ्टिंग फ्रॉम पेरिलीजनल स्किन (अ मॉडिफिकेशन ऑफ जोधपुर टेक्नीक) को आइएडीवीएल की ओर से राष्ट्रस्तरीय डॉ. सीएस भवानी मेमोरियल अवार्ड मिला था। वर्ष 2021 में ही डॉ. आनंद कुमार लामोरिया के किए गए अध्ययन अ कम्परेटिव स्टडी बिटवीन फोलीक्यूलर यूनिट ट्रांसप्लांटेशन एंड ऑटोलोगस नॉन कल्चर्ड नॉन ट्रिप्सिनाइजड एपिडर्मल सेल्स ग्राफ्टिंग इन स्टेबल वीटिलीगो (जोधपुर टेक्नीक) को राष्ट्रीय स्तरीय कॉन्फ्रेंस एसिकॉन-2021 में जेसीएएस 2020 में प्रकाशित उत्कृष्ट अध्ययन के लिए प्रथम पुरस्कार मिला था।

डॉ. दिलीप कच्छवाह ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर एसएन मेडिकल कॉलेज के तीन स्टूडेंट्स को प्रथम पुरस्कार मिलना गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि उनकी विकसित विटीलिगो सर्जरी की जोधपुर तकनीक को इन अध्ययनों ने और सशक्त बना दिया है।

# जन्म शताब्दी महोत्सव कल



जालोर के आत्मानंद धाम में स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज के जन्म शताब्दी महोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर स्थित स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरु मंदिर में सात सितम्बर को होने वाले शिक्षा सारथी स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज के जन्म शताब्दी महोत्सव लेकर मंदिर परिसर में गुरूवार को ट्रस्ट पदाधिकारियों व समाजबंधुओं की बैठक हुई।

बैठक में दंडी स्वामी देवानंद सरस्वती महाराज व दयानंद ब्रह्मचारी महाराज का सान्निध्य रहा। बैठक में जन्म शताब्दी महोत्सव की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पांडाल व्यवस्था, मंच, भजन संध्या, महाप्रसादी के लिए बैठक व्यवस्था, सजावट, शहर में बैनर पोस्टर लगाने, रोशनी, पार्किंग और शोभायात्रा समेत अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा कर जिम्मेदारियां तय की गई। ट्रस्ट के महामंत्री नैनसिंह सांकरणा ने तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कार्यक्रम व हर व्यवस्था को लेकर बिन्दुवार समाज बंधुओं से चर्चा कर सुझाव लिए। जन्म शताब्दी महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने को लेकर शोभायात्रा, भजन संध्या समेत अन्य आयोजनों को अंतिम रूप दिया गया। चौराहों पर सजावटस्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज के जन्म शताब्दी महोत्सव को लेकर शहर में प्रमुख स्थानों पर बैनर लगाने के साथ ही सभी प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग्स लगाए गए है। महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को भी आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरु मंदिर में दंडी स्वामी देवानंद सरस्वती महाराज व दयानंद ब्रह्मचारी महाराज के सानिध्य में 7 सितम्बर को दोपहर बाद तीन बजे गुरु मंदिर से दंडी स्वामी देवानंद सरस्वती महाराज व दयानंद ब्रह्मचारी महाराज के सानिध्य में शोभायात्रा गुरु मंदिर से रवाना होकर कॉलेज तिराहा, राजेन्द्र नगर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर राजपुरोहित छात्रावास से होते हुए अस्पताल चौराहा, हरीदेव जोशी सर्कल, वन वे रोड़, कलक्ट्रेट रोड, आहोर चौराहा, स्टेडियम व कॉलेज तिराहे होते हुए पुन: गुरु मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। यहां रात्रि में भजन संध्या में भजन गायक श्याम पालीवाल भजनों की प्रस्तुति देंगे।

## लोहे की चेनल से डंपर के दो टायर फटे, लोग नाराज

**सायला**, (निसं)। अम्बेडकर चौक के पास वीराणा रोड पर सड़क किनारे धंसी लोहे की चेनल से एक डंपर (ट्रक) के पीछे के दो टायर फट गए। इससे नाराज कुछ लोगों ने ट्रक को मौके पर ही खड़ा करवा दिया।

गुरूवार प्रात: 10:45 बजे के लगभग एक ट्रक रेवतडा से सायला की ओर आ रहा था। इस दरम्यान शहर के वीराणा रोड पर अम्बेडकर चौक के पास सडक किनारे धंसी लोहे की चेनल लगने से ट्रक के पीछे के दो टायर फट गए। जिससे नाराज कुछ लोगो ने ट्रक चालक के समर्थन में ट्रक को मौके पर ही खडा करवा दिया। लोगो का कहना था कि सडक किनारे धंसी लोहे की चेनल के कारण वाहनों के टायर फटने से हादसा भी हो सकता है। इधर बीच सडक पर टायर फटने से खडे ट्रक के कारण एकबारगी टेऊफिक जाम हो गया। मौके पर पहुंचे यातायात हेड कांस्टेबल कालुराम बिश्नोई द्वारा ट्रक निकलवाकर आवागमन सुचारू करवाया गया। दरअसल शहर के मालियों की वाडी बाईपास का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। ऐसे में जालोर एवं बाकरा से रेवतडा होते हुए सायला से गुजरने वाले भारी वाहन वीराणा रोड होते हुए मुख्य बाजार से निकलते है। अम्बेडकर चौक के पास सडक मार्ग संकरा है। कई बार भारी वाहनों के गुजरने के दौरान आसपास के दुकानों की सीढ़ियों भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो जाती है।

# गणेश महोत्सव की तैयारी शुरू



जालोर में विनायक मित्र मंडल की बैठक में गणेश चतुर्थी की तैयारी को अंतिम रूप दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। गणेश चतुर्थी का 7 वां भव्य महोत्सव आयोजन को लेकर विनायक मित्र मंडल, शांति नगर बी ब्लॉक, इंद्रा नगर, राव समाज मंदिर, शरद चौक जालोर में गुरूवार को मीटिंग का आयोजन किया गया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विनायक मित्र मंडल के बेनर तले समस्त पदाधिकारियों व कॉलोनी वासियों की सहमति से 6 दिवसीय भव्य गणपति महोत्सव का आयोजन करवा रहे है, जो 7 से 12 सितंबर तक रहेगा। आयोजन समिति ने बताया कि 2015 से विनायक मित्र मंडल के तत्वावधान में इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी ओर ये इस वर्ष का 7 वां भव्य आयोजन है जो विनायक मित्र मंडल एवं कॉलोनी वासियों के सहयोग से हर वर्ष बड़े धूम धाम से मनाया जाता है। कार्यक्रम को स्वर्णिम बनाने हेतु तैयारियां शुरू कर दी गई है। 6 दिवसीय कार्यक्रम में गणेश स्थापना 7 सितम्बर दोपहर 3.36 बजे, पहले दिन शनिवार विनायक श्रृंगार, महिला भजन एवं म्यूजिकल चैयर, दूसरे दिन 8 सितम्बर बच्चों का एकल नृत्य एवं गरबा नृत्य, तीसरे दिन 9 सितम्बर फैन्सी ड्रेस एवं मारवाडी नृत्य, चौथे दिन 10 सितम्बर रंगोली एवं सामूहिक नृत्य, पांचवे दिन 11 सितम्बर 108 दीपों की महाआरती एवं 56 भोग प्रसादी, छटे दिन 12 सितम्बर दोपहर 4.30 बजे आरती एवं विसर्जन होगा।

प्रत्येक दिवस आरती का समय सायं 8 बजे रहेगा। शोभायात्रा धूम धाम से गाजे बाजे के साथ समस्त कॉलोनी वासियों के संग निकाली जाएगी।

मीटिंग में संजीव शर्मा, कमल सोनी, भवर शर्मा, महेश भट्ट, बनवारी शर्मा, नितेश भटनागर, प्रकाश सांखला, पप्पू शर्मा, प्रशांत शर्मा, कल्पेश शर्मा, नरेश भट्ट, राम निवास, मनोज शर्मा, राजेश परमार, किरण भट्ट, विनय, विश्वास, वेभव, अमित, यश, एवं समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मोहिनी दीदी की पुण्यतिथि मनाई

**जालोर**, (कासं)। जालोर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र शिवाजी नगर में बी.के. राजयोगिनी मोहिनी दीदी के आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजयोगिनी बी के मोहिनी दीदी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। बीके ज्योति में सभी जनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बी के मोहन भाई, डॉक्टर संजय चौधरी, बी के ललित, बीके वर्धाराम चांदराई, गोवर्धन सिंह, महेंद्र कुमार, बीके बलराम, बीके अश्विन, बीके नितेश, बीके विकास,बी के शिवानी, इंदिरा माता, रेखा माता, संतोष माता, गुडयि बहन, भावना माता, उर्मिला माता, लता माता इत्यादि शहर वासियों ने भी दीदीजी को पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में अतिथि डॉ. जितेश खत्री, नेत्र रोग विशेषज्ञ आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल जालोर व लोकतंत्र सेनानी भगाराम सुथार सेवानिवृत्ति विकास अधिकारी उपस्थित रहे। राजयोग केंद्र मुख्य संचालिका बी के रंजू दीदी ने राजयोगिनी मोहिनी दीदी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोहिनी दीदी एक आदर्श कुशल प्रशासिका थी। त्याग, तपस्या एवं संयम उनके जीवन के मूल मंत्र थे। पश्चिम राजस्थान में अनेकों सेवा केंद्रो की स्थापना कर देश-विदेश की धरती पर आध्यात्मिक सेवाएं प्रदान की।

## रेवदर में शिक्षकों का सम्मान किया

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह विधायक मोतीराम कोली के मुख्य आतिथ्य एवं सुबोध सिंह चारण उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता व राधिका अर्जुन देवासी प्रधान पंचायत समिति रेवदर के विशिष्ट आतिथ्य में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए शिक्षा जगत में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए संपन्न हुआ।

मोतीराम कोली विधायक ने शिक्षक दिवस पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए अपने गुरुजनों के प्रति कृतघ्ता प्रकट करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया सुबोधसिंह चारण उपखंड अधिकारी ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहते हुए आगे बढाने हेतु प्रेरित किया अर्जुन देवासी ने शिक्षकों को ज्ञान का भंडार बताते हुए सच्चा मार्गदर्शक बताया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अन्नाराम मोबारसा ने शिक्षकों को सम्मानित होने हेतु बधाई दी एवं अपना कार्य ईमानदारी से करने हेतु प्रेरित किया।

वहीं आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रेवदर में आज शिक्षक दिवस के उपलक्ष में विद्या मंदिर के समस्त कार्यक्रम प्रात: शारीरिक, वंदना से लेकर कक्षा कक्ष का संचालन तक विद्यार्थी शिक्षकों द्वारा किया गया।

# सदस्यता अभियान कार्यकर्ताओं के लिए उत्सव : बोरली



सांचोर के जोधावास में भाजपा के सदस्यता अभियान के कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**सांचोर**, (निसं)। भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान में भाजपा नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने में कोई कसर नहीं छोड रही हैं। जालोर भाजपा जिले के प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं को भेजकर, सदस्य बनाने के काम कर रही हैं।

जालोर में भाजपा के सदस्यता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष रामगोपाल बुडिया की अध्यक्षता में जोधवास गांव में बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया की सांचौर विधानसभा क्षेत्र का सबसे मजबूत बूथों के श्रेणी में प्रथम रहने वाला झाब मंडल सदस्यता अभियान में इतिहास रचेगा। उन्होंने बताया कि मंडल का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को लेकर उत्साहित हैं, सदस्यता अभियान को संगङ्गन के त्यौहार मानकर काम कर रहा हैं, शेष मंडलों के कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का कार्य कर रहा हैं।

वहीं राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024 के तहत जिला मुख्यालय पर भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा नगर मंडल जालोर द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम संयोजक व नगर महामंत्री दिनेश महावर ने बताया कि भाजपा नगर मंडल द्वारा जिला कार्यालय में अभियान का विधिवत्त शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री अभियान जिला संयोजक प्रकाश छाजेड उपस्थित थे।

# शनिवार आनंदवार व बस्ते को हल्का कराने वाले जोशी को राज्य पुरस्कार

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन संबंधी अनेक नवाचार कर शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले जालौर के शिक्षक संदीप जोशी को शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा , शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित शिक्षा सचिव शिक्षा निदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिक्षक जोशी अपने 19 वर्ष के सेवा काल में अब तक 40 शैक्षणिक नवाचार कर चुके हैं और शिक्षक दिवस पर पहली बार राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में संदीप जोशी ने अनेक महत्वपूर्ण नवाचार किए हैं। इन नवाचारों को केंद्र सरकार, राज्य सरकारों ने अपनाया है। शनिवार को नो बैग डे उन्हीं का विचार था। जिस देश के अनेक राज्यों में लागू किया है। साथ ही समयावधि आधारित पाठ्यक्रम भी उन्हीं की देन है। जिसे राजस्थान सरकार ने अपनाया और पाठयपुस्तक मंडल ने उनके नए मॉडल की पुस्तकों को प्रकाशित किया। इस तरह उन्होंने बच्चों को न केवल बस्ते के बोझ से मुक्ति दिलाई। प्रदेशभर के कक्षा 1 से 5 तक के 50 लाख बच्चों को इसका फायदा मिला है। संदीप जोशी को इन नवाचारों के लिए जिला स्तर सम्मानित किया गया। अब शिक्षक दिवस पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से नवाजे जाएंगे।

वही हाल ही उन्होंने एक नवाचार किया। जिसे देशभर में सराहा गया हम देखते हैं कि अखबारों में अधिक नंबर लाने वाले बच्चों की फोटो-विज्ञापन छपते हैं। उन्होंने इसमे नवाचार किया है, इसमें ज्यादा अंक लाने वाले बच्चों के साथ साथ खेल, डांस, हैंड राइटिंग, गायन, चित्रकला आदि के 9 विभिन्न टैलेंट वाले बच्चों के फोटो भी छपवाए। एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक जेएस राजपूत एवं वर्तमान संयुक्त निदेशक श्रीधर श्रीवास्तव ने इस प्रयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए खुशी जाहिर की। वही सप्ताह में एक दिन बच्चों को बिना बैग के स्कूल बुलाने का विचार दिया और केंद्र सरकार ने 20 से अधिक राज्यों में नो बैग डे लागू किया। शिक्षक संदीप जोशी ने बताया कि बैग फ्री शनिवार भी टीचिंग के लिए ही है। शिक्षा बहुआयामी है। शिक्षा केवल किताबों से ही नहीं आती। कई सबक बिना किताबों के सीखे जा सकते हैं, ऐसे में नो बैग डे शनिवार को रखने का विचार सरकार ने माना। अब सप्ताह में एक दिन शनिवार को विद्यार्थी बिना बस्ते के बिना स्कूल आते हैं। उनकी प्रतिभा का विकास होता है। वे संगीत-कला, पर्यावरण के बारे में सीखते हैं, खुद करते हैं और कुछ नया और प्रैक्टीकल सीखते हैं। देशभर में लगभग 10 करोड बच्चे शनिवार को नो बैग डे के कारण आनंददाई शिक्षा प्राप्त कर रहे है। उन्होंने नो बैग डे के लिए एक सिलेबस तैयार कर 2008-09 शिक्षा आयोग व सरकार के सामने रखा। संदीप जोशी के नवाचारों को शिक्षा विभाग ने अपनाया है। कई विचार स्कूल ही नहीं बल्कि कॉलेज एजुकेशन के लिए भी अपनाए गए। संदीप ने अपने स्कूल गोदन में स्कूल के बरामदे को भारत दर्शन गलियारा बना दिया है। इससे गुजरते हुए छात्र को अपने देश की संस्कृति,इतिहास, पर्व, खनिज, कृषि, खेल, प्राकृतिक संसाधनों की जानकारी मिलती है। ऐसे में रोजाना वह सामान्य ज्ञान को देखता समझता है। पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी स्वयं उनके विद्यालय को देखने पहुंचे और भारत दर्शन गलियारा देखकर कितने अभिभूत हुए कि वे राजस्थान के सभी स्कूलों में भारत दर्शन गलियारा बनाने की बजट घोषणा भी कर चुके हैं। वही उन्होंने स्कूल में कन्या पूजन अभियान शुरू किया।

इसमें कई तरह से किशोरवय में ही बच्चे के दिमाग से लड़कियों के लिए होने वाले विचारों को सकारात्मक बनाने का प्रयास किया जाता है। उनका मानना है कि कन्या पूजन एक प्रकार से मनोवैज्ञानिक शिक्षण पद्धति है इसमें पैरों के मेल के साथ बालक के मन का मेल भी धुलता है। संदीप जोशी ने बताया- 19 साल से 40 से अधिक नवाचार किए। जिसमें सबसे अहम है बस्ते के बोझ को हल्का करना। सभी ये मानते थे बच्चों का बैग बहुत भारी है। बच्चों के लिए यह बड़ी भारी समस्या थी। 2006 में हमारे स्कूल में बच्चे और उसके बस्ते के वजन का अनुपात निकाला। समाधान की दिशा में विचारना शुरू किया तब आइडिया आया कि किताब के ही अलग-अलग हिस्से कर दिये जाएं तो काम बन सकता है। वही सामाजिक भेदभाव से मुक्ति की शिक्षा देने के लिए विद्यालयों में बनाये समरसता सरस्वती मंदिर, जिम बिना किसी भेदभाव के सभी विद्यार्थियों का सहयोग रहा। वही वार्षिक परीक्षाओं के बाद बच्चों की नोटबुक में बड़ी संख्या में खाली कागज बच जाते हैं जो रद्दी के साथ भंगार वाले के यहां पहुंच जाते हैं, नोटबुक के इन रद्दी कागज को इकट्ठा कर विद्यालय में बनाया वेस्ट पेपर बैंक जिसके माध्यम से वेस्ट कागज एकत्र कर पुन: नई कॉपियां बनाई गई। विभिन्न कार्यक्रमों में पुरस्कार स्वरूप यह नई नोटबुक दी जाती है।

वर्ष 2017, स्थान नई दिल्ली का इंडिया हैबिटेट सेंटर, कार्यक्रम-बस्ते के बोझ को कम करने के लिए उच्च स्तरीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजक एनसीईआरटी राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग महिला एवं बाल अधिकार मंत्रालय इस कार्यक्रम में शिक्षक जोशी का परिचय करवाते हुए जाने माने शिक्षाविद डॉ अतुल कोठारी ने इन्हें नए भारत का गिजुभाई बताया।